वर्ष: 14 - अंक : 154, मुंबई, मंगलवार, 13 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान


# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर












# जयंत पाटिल के पास जाता था जबरन वसूली का पैसा



# परमबीर सिंह का एक और बड़ा दावा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के बीच आरोपों प्रत्यारोप चल रहा है। इस बीच मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने सोमवार को दावा किया कि जबरन वसूली और अन्य अवैध तरीकों से एकत्र किया गया धन राकांपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल के पास जाता था। इसकी जानकारी खुद देशमुख ने उन्हें दो से तीन बार दी थी। जयंत पाटिल उस समय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का कोष संभालते थे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**





# महाराष्ट्र में बनेंगे ऊदबिलाव, गिद्ध और जंगली भैंसा प्रजनन केंद्र

## सीएम शिंदे ने दी मंजूरी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में राज्य में दुर्लभ पौधों के संरक्षण और संरक्षण पर जोर देने का निर्देश देते हुए ऊदबिलाव, गिद्ध और जंगली भैंस के प्रजनन केंद्र को मंजूरी दे दी। वर्षा निवास पर हुई वन्यजीव बोर्ड की बैठक में मुख्यमंत्री जंगली जानवरों के संरक्षण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही जंगली जानवरों के हमले से जारे गए व्यक्ति के परिवार को एक सदस्य को वन श्रमिक के रूप में समायोजित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री शिंदे ने सोमवार को बैठक के दौरान सर्पदंश से मरने वाले खेतिहर मजदूरों को गोपीनाथ मुंडे किसान दुर्घटना बीमा के माध्यम से लाभ प्रदान करने और सर्पदंश का तत्काल इलाज कराने के लिए क्लिनिक ऑन व्हील्स पहल शुरू करने का निर्देश दिया। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# महाराष्ट्र की ऊर्जा उत्पादन में नई छलांग!

## फडणवीस बोले- 2030 तक गैर-पारंपरिक स्त्रोतों से होगा 50% एनर्जी प्रोडक्शन



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाजेनको, टाटा पावर और अवाडा एक्वा बैटरीज की महाराष्ट्र में 24,641.29 करोड़ रुपए की निवेश के तीन समझौते पर हस्ताक्षर के मौके पर सोमवार को कहा इस समझौते से महाराष्ट्र 5200 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत निर्माण की क्षमता वाला राज्य बनने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बिजली की बढ़ती मांग के अनुरूप बिजली उपलब्ध कराने की चुनौती का सामना पूरी दुनिया कर रही है। लेकिन बीते दो ढाई वर्षों में महाराष्ट्र ने पॉवर सेक्टर में सुधार के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। खासकर पावर सेक्टर को जो पॉवर मिक्स में महाराष्ट्र ने बड़े स्तर पर प्रोजेक्ट लगाए हैं।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# सुप्रिया सुले ने महायुति पर कसा तंज

## बोलीं- उन्हें लगता है कि रिश्ते और चुनाव पैसे से जीते जाते हैं

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना (लाडली बहन योजना) को लेकर सोमवार को महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा है। मुंबई में मीडिया से चर्चा के दौरान लाडली बहन योजना की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर सरकार को महिलाओं की इतनी ही चिंता थी तो यह योजना पहले क्यों नहीं लाई गई। महायुति पिछले दो साल से सरकार में है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन को लगता है कि रिश्ते और चुनाव पैसे से जीते जा सकते हैं।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**




**सुप्रिया सुले ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के काफिले पर हुए हमले को लेकर महाराष्ट्र के गृहमंत्रालय पर उठाते हुए कहा कि यह इंटेलिजेंस फेलियर है। उद्धव ठाकरे के साथ सिक्योरिटी रहती है तो क्या उन्हें पहले इस बात का अंदाजा नहीं था**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### हेल्थ केयर की पोल

**स्वास्थ्य बीमा की सरकारी योजनाओं पर सैकड़ों करोड़ रुपये केंद्र और राज्य सरकारें खर्च कर रही हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि उनसे आम जन को मामूली राहत ही मिली है। अब भी स्वास्थ्य पर अपनी जेब से लोगों का खर्च बेहद ऊंचा बना हुआ है।**

भारत में अपनाए गए बीमा आधारित स्वास्थ्य देखभाल के मॉडल की हकीकत एक गैर-सरकारी संस्था ने अपने सर्वेक्षण रिपोर्ट से बताई है। स्वास्थ्य बीमा की सरकारी योजनाओं पर सैकड़ों करोड़ रुपये केंद्र और राज्य सरकारें खर्च कर रही हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि उनसे आम जन को मामूली राहत ही मिली है। अब भी स्वास्थ्य पर अपनी जेब से लोगों का खर्च बेहद ऊंचा बना हुआ है। खास बात यह कि जो तबका जितना गरीब है, उन पर यह बोझ उतना ज्यादा है। रिपोर्ट तैयार करने वाली संस्था- अर्थ ग्लोबल सेंटर फॉर रैपिड इनसाइट्स- ने यह सर्वे सभी 543 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में किया। इस दरम्यान सिर्फ एक सवाल पूछा गया कि पिछली बार जब आप या आपके घर का कोई व्यक्ति अस्पताल में भर्ती हुआ, तो वहां भुगतान का प्राथमिक माध्यम क्या था? इस सर्वे के लिए आबादी को तीन वर्गों में बांटा गया- जिनके पास चार पहिया वाहन हैं, जिनके पास दो पहिया वाहन हैं, और जिनके पास कोई वाहन नहीं है। बिना वाहन वाले लोगों में से 60 फीसदी ने कहा कि पूरा खर्च उन्होंने अपनी जेब से किया। सरकारी योजनाओं के माध्यम से भुगतान 25 फीसदी लोगों ने किया, जबकि निजी बीमा पॉलिसी से नौ प्रतिशत लोगों ने भुगतान किया था। छह प्रतिशत लोगों का भुगतान रोजगार-दाता की तरफ से किया गया था। दो पहिया वाहन रखने वाले लोगों में ये संख्याएं क्रमशः 48 प्रतिशत, 31 फीसदी, 10 फीसदी और 11 प्रतिशत रहीं। चार पहिया वाहन मालिकों में 40 प्रतिशत लोगों ने खर्च अपनी जेब से चुकाया, 24 प्रतिशत को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला, 15 प्रतिशत का खर्च रोजगार-दाता कंपनी ने उठाया, जबकि 20 फीसदी लोगों ने निजी बीमा पॉलिसी से अपना इलाज कराया। लेकिन यह अस्पताल में भर्ती होने के बाद के खर्चों का ब्योरा है। इलाज में उसके पहले के चरणों में जो खर्च आया, वह सबको अपनी जेब से ही चुकाना पड़ा। स्पष्टतः यह कारगर नहीं है। यह दुनिया भर का भी तजुर्बा है कि बेहतर स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा सिर्फ सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा संचालित समग्र इलाज ढांचे से ही दी जा सकती है।

# गौरी छाबिया ने की महिला आयोग में स्वास्थ्य शिविर की शुरूआत







**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लायंस क्लब के सहयोग से हाल ही में महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग कार्यालय में एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया था। शिविर की शुरूआत आयोग की सदस्य, अधिवक्ता गौरी छाबड़िया द्वारा की गई थी और इसे आयोग, मावीम, म्हाडा कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इस शिविर में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी काफी अच्छा रिस्पॉन्स दिया। रक्त परीक्षण, नेत्र परीक्षण, पेट संबंधी विकार, हड्डियों की नाजुकता सभी पहलुओं की जाँच की गई, यदि आवश्यकता हुई तो वॉकहार्ट, मुंबई सेंट्रल में आगे का उपचार दिया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर का संचालन वॉकहार्ड अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए एडवोकेट गौरी छाबड़िया ने कहा कि सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। रोजमर्रा की भागदौड़ में सेहत को नजरअंदाज करना खतरनाक है। हम अपने दैनिक जीवन में छोटी-छोटी चीजें करके अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने का प्रयास कर सकते हैं। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा म्हाडा कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को रेनकोट और नोटबुक भी वितरित किए गए। इस शिविर में आयोग की सदस्य गौरी छाबरिया, सदस्य माया पटोले सहित लायन क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।

# फिल्मकार मंच की बैठक में फिल्म संगी-साथी के निर्माण पर चर्चा हुई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**भोपाल।** विगत रविवार को शासकीय यूथ होस्टल, टी.टी.नगर के सभागार मे फिल्मकार मंच द्वारा भोपाल के फिल्मकारों की बैठक हुई। इस बैठक मे फीचर फिल्म संगी-साथी के निर्माण पर विस्तार से चर्चा हुई। इस फिल्म की 75प्रतीशत शूटिंग भोपाल मे ही होगी। फिल्म का कथानक LBGTQ समुदाय के जीवन संघर्ष, संस्कृति पर आधारित है। इसमे फिल्मकारों के साथ मे LBGTQ समुदाय के तृतीय नारी,नर कलाकार अभिनय




करेंगे।बैठक मे फिल्म के निर्देशक डा. भूपेन्द्र विकल ने भी विस्तार से संगी-साथी के विषय मे बताया। चर्चा मे भोपाल के श्रेष्ठ फिल्मकार आदित्य शर्मा, मायरा दयाल, संगीता हडके, गुड्डूचार्ली, नीलकांत, शिवनारायण मीणा, फिजा खान, साधना, अनुपमा श्रीवास्तव, बलराम ओझा, मनोज रावत, डा. प्रभात पाण्डेय, गीता कुशवाह, शाहीन खान, गीता, संगीता, विनोद, युग असरानी, नाजीर खान, तहसीन खान, हीना खान, सईद उद्दीन इत्यादि फिल्मकार उपस्थित थे सभी ने अपने अनुभव ओर फिल्म अभिनय के विषय मे चर्चा की.अंत मे आयोजक बलराम शर्मा और गुड्डू चार्ली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 50 का लक्ष्य और पदक ?

**भारत ने टोक्यो ओलिंपिक के बराबर सात मेडल जरूर जीते, लेकिन तब एक स्वर्ण पदक था, जो इस बार सपना बना रहा। इस कारण कुल पदक तालिका में भारत का दर्जा गिर गया, जबकि लक्ष्य टॉप 30 देशों में आने का रखा गया था।** पेरिस ओलिंपिक भारत के लिए विवाद, अपमान और अपेक्षाओं से कम सफलता की कहानी रहा। पहलवान विनेश फोगट को 100 ग्राम अधिक वजन के आधार पर अयोग्य ठहराए जाने को लेकर उठे विवाद के जल्द थमने की संभावना नहीं है। इस मामले को लेकर लोगों के मन में गहरा संदेह है। मामला राजनीतिक रूप भी ले चुका है। अगर बहुत से लोगों के मन में इस तरह का शक हो कि विनेश को पदक से वंचित करने में भारतीय खेल प्रशासन की मिलीभगत रही है, तो उससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या हो सकती है? दूसरी तरफ अंतिम पंघल के साथ पेरिस में एंट्री पास विवाद में जिस तरह देश को असहज करने वाली स्थिति बनी, वह कम अफसोसनाक नहीं है। जहां तक खेलों की बात है, तो भारत ने 2021 में हुए टोक्यो ओलिंपिक के बराबर सात मेडल जरूर जीते, लेकिन तब एक स्वर्ण पदक था, जो इस बार सपना बना रहा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# होपमिरर फाउंडेशन द्वारा रायगढ़ जिला परिषद स्कूल में नोटबुक वितरण

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस - शरदचंद्र पवार पार्टी के युवा नेता और होपमिरर फाउंडेशन के संस्थापक रमजान शेख को ओवे पेठ, खारघर, नवी मुंबई में रायगढ़ जिला परिषद स्कूल से एक फोन आया। स्कूल ने छात्रों को नोटबुक उपलब्ध कराने में सहायता का अनुरोध किया गया। रमजान शेख ने तुरंत अनुरोध का जवाब दिया और आज स्कूल का दौरा किया, जहां उन्होंने छात्रों को नोटबुक वितरित कीं। शिक्षकों ने शेख के समर्थन और योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। होपमिरर फाउंडेशन शैक्षिक मुद्दों पर विशेष ध्यान देने के साथ जरूरतमंद लोगों का समर्थन करने के लिए समर्पित है। पिछले साल से, संगठन ने वंचित छात्रों को नोटबुक वितरित करके सरकारी स्कूलों में सक्रिय योगदान दिया है। इस प्रयास का उद्देश्य शैक्षिक अवसरों को बढ़ाना और उन बच्चों के लिए सीखने में सहायता करना है जिनके पास अन्यथा आवश्यक संसाधनों की कमी हो सकती है। शिक्षा एक शक्तिशाली हथियार है जो जीवन को बदलने की क्षमता रखता है। होपमिरर फाउंडेशन के संस्थापक, राष्ट्रवादी कांग्रेस -शरदचंद्र पवार पार्टी के युवा नेता रमजान शेख ने कहा, "मुझे उम्मीद है कि बच्चों को ये किताबें उपलब्ध कराकर उनमें सीखने के प्रति प्रेम पैदा होगा।" इस कार्यक्रम के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरदचंद्र पवार पार्टी नेता पनवेल शहर जिला अध्यक्ष श्री सतीश पाटिल, खारघर शहर अध्यक्ष श्री ज्ञानेश्वर शिंदे, जिला सचिव श्री. दौलत शिंदे, श्री. उमेश पाटिल, महिला नेता शाहीन खान और अन्य उपस्थित थे।



# 'तिरंगा बाइक रैली' का आयोजन



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता दिवस - 15 अगस्त को पूरे देश में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ 'घर घर तिरंगा' और 'तिरंगा बाइक रैली' अभियान चलाया जाएगा। तदनुसार सोमवार 12 अगस्त 2024 को बृहन्मुंबई नगर निगम द्वारा पी/साउथ डिवीजन कार्यालय से मृणाल गोरे फ्लाईओवर तक आयोजित 'तिरंगा बाइक रैली' में भाजपा पार्टी के गोरेगांव विधानसभा विधायक और पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती विद्या ठाकुर ने 'तिरंगा झंडा' दिखा कर रैली की शुरूआत की। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री संजय जाधव, पदाधिकारी, भाजपा मा. संवाददाता श्री संदीप पटेल, मा. पार्षद श्रीकला पिल्ले, श्रीमती प्रीति साटम, प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुंबई जोड़ों न्याय यात्रा का झंझावात! सांसद वर्षा गायकवाड ने बोला बीजेपी पर हमला

**मुंबई।** राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा का लाभ कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में मिला था। उसी से प्रेरित होकर सांसद व मुबई कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने मुंबई जोड़ों न्याय यात्रा शुरू की है, जिसे मुंबईकरों का जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। इस यात्रा में सांसद वर्षा महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ महायुति सरकार, बीजेपी और उसके सहयोगी दलों पर जोरदार हमला बोल रही हैं। विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में निकाली गई वर्षा की रैली से कांग्रेसियों में उत्साह की लहर देखने को मिल रही है। सांसद वर्षा गायकवाड़ की मुंबई जोड़ो न्याय यात्रा पूरी मुंबई में चल रही है। इस दौरान पिछले दो दिनों में वर्षा ने कोलाबा, मुंबादेवी, अंधेरी और वसोर्वा इलाकों में पदयात्राएं कीं। कोलाबा में पदयात्रा के दौरान पानी माफिया का मुद्दा सामने आया। वर्षा ने सोमवार को पश्चिमी उपनगर अंधेरी इलाके में अपनी मुंबई जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंधेरी की खराब सड़कों, जगह-जगह जलजमाव और दरकते पहाड़ों के बारे में लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन विकास कार्यों के लिए कांग्रेस द्वारा मंजूर की गई राशि का इस्तेमाल भाजपा विधायक ने नहीं होने दिया। उन्होंने सनसनीखेज आरोप लगाया है कि ठेके में कमीशन खाने के लिए बीजेपी विधायक विकास कार्यों को रोक रहे हैं।



**अंधेरी में गंभीर शिकायतें**

वर्षा ने कहा कि अंधेरी में खराब सड़कों के कारण लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। गिल्बर्ट हिल, गावदेवी पर्वत का हिस्सा ढह गया। लोग अपनी जान बचाकर रह रहे हैं। पूर्व कांग्रेस विधायक अशोकभाऊ जाधव ने लोगों की सुरक्षा के लिए 5 करोड़ रुपये की विकास निधि को मंजूरी दी। लेकिन अमित सातम ने अनिच्छा से यह काम नहीं होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी विधायक लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसी तरह अंबोली ढाकुशेट पाड़ा हमेशा बारिश के पानी में डूबा रहता है। नगरसेविका अल्पा जाधव ने यहां नालियों और अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए 130 करोड़ रुपए की निधि को मंजूरी दी। इसमें से सिर्फ 25 लाख का ही काम हुआ है। रेलवे अंडरग्राउंड लाइन बिछाने के लिए 120 करोड़ का फंड मंजूर किया गया। लेकिन साटम ने उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कहकर काम रुकवा दिया।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**परमबीर सिंह का एक और बड़ा दावा**

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी सिंह ने मुंबई में बताया कि महाराष्ट्र के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख ने उनके अधिकारियों को महानगर से 100 करोड़ रुपये संग्रह करने का लक्ष्य दिया था और उन्होंने महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार के कार्यकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के देवेन्द्र फडणवीस सहित प्रमुख विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने की योजना के बारे में भी बात की थी। अनिल देशमुख वर्ष 2019 से 2021 तक राज्य के गृह मंत्री थे। अनिल देशमुख के बेटे सलिल ने सिंह पर पलटवार करते हुए कहा कि मुंबई के पूर्व पुलिस अधिकारी सत्तारूढ़ भाजपा और उपमुख्यमंत्री फडणवीस द्वारा तैयार की गई पटकथा पढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र में गृह प्रभार फडणवीस संभालते हैं। सलिल देशमुख ने नागपुर में कहा, परमबीर सिंह इतने दिन कहां थे आप परमबीर सिंह आप भाजपा और देवेंद्र फडणवीस की दी हुई पटकथा पढ़ते रहिए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि आप भाजपा को कितना भी खुश कर लो एनआईए आपको गिरफ्तार कर ही लेगी। सिंह ने दावा किया कि उनके अधिकारियों को देशमुख द्वारा होटलों और रेस्तरां से 100 करोड़ रुपये की जबरन वसूली का लक्ष्य दिया गया था, जो अब राज्यसभा सदस्य शरद पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट में हैं। सिंह ने दावा करते हुए कहा, सौ करोड़ रुपए इकट्ठ करने का लक्ष्य मुंबई शहर के लिए था, जिसके लिए मेरे अफसरों पर दबाव था। राज्य के बाकी हिस्सों के लिए लक्ष्य अलग था। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित गुटखा कारोबार सहित अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को भी धन संग्रह पर चर्चा के लिए बुलाया गया था।

**सुप्रिया सुले ने महायुति पर कसा तंज**

पत्रवार्ता के दौरान उन्होंने महायुति व मोदी सरकार का जमकर निशाना साधा। उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा पिछले महीने राज्य के बजट में घोषित इस योजना के तहत ढाई लाख से कम वार्षिक पारिवारिक आय वाली महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए आर्थिक सहायता के तौर पर दिए जाएंगे। राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इस योजना का बढ़चढ़कर प्रचार किया जा रहा है। सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि रिश्तों और लेन-देन के बीच अंतर होता है। सत्तारूढ़ गठबंधन को लगता है कि रिश्ते और चुनाव पैसे से जीते जा सकते हैं। खून के रिश्ते और प्यार लेन-देन से अलग होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना लोकसभा चुनावों का स्पष्ट परिणाम है, जिसमें सत्तारूढ़ गठबंधन को मुंह की खानी पड़ी थी। बारामती से लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने हालांकि इस योजना का स्वागत किया, लेकिन कहा कि पिछले 18 से 24 महीनों में महाराष्ट्र में अपराध में वृद्धि दिखाने वाले आंकड़ों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस दौरान सुप्रिया सुले ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के काफिले पर हुए हमले को लेकर महाराष्ट्र के गृहमंत्रालय पर उठाते हुए कहा कि यह इंटेलिजेंस फेलियर है। उद्धव ठाकरे के साथ सिक्योरिटी रहती है तो क्या उन्हें पहले इस बात का अंदाजा नहीं था। उन्होंने कहा कि मैं मानती हुं कि यह गृहमंत्रायल का इंटेलिजेंस फेलियर है। साथ ही उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग को लेकर जवाब देते हुए कहा कि महा विकास अघाड़ी में जल्द ही इस पर चर्चा होगी और घोषणा की जाएगी।

**महाराष्ट्र में बनेंगे ऊदबिलाव, गिद्ध और जंगली भैंसा प्रजनन केंद्र**

इस अवसर पर पेंच में ऊदबिलाव, नासिक में गिद्ध और गडचिरोली में जंगली भैंसा प्रजनन केंद्र स्थापित करने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये केन्द्र दुर्लभ वन्य जीवों के संरक्षण के लिए उपयोगी होंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मानव और जंगली जानवरों के बीच संघर्ष में जंगली जानवरों के हमले से जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार के एक सदस्य को वन विभाग में वन श्रमिक के पद पर शामिल किया जाए। साथ ही गावों में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नष्ट करने पर तत्काल प्रतिक्रिया स्वरूप टीम की नियुक्ति करते हुए वनपाटिल को भी नियुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बांस लगाने का लक्ष्य बताते हुए वन विभाग को राज्य में दुर्लभ पौधों के संरक्षण के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया। सातारा जिले के जावली जंगल में 500 प्रकार के दुर्लभ पौधे होने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री ने वहां एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र शुरू करने का निर्देश दिया।

**महाराष्ट्र की ऊर्जा उत्पादन में नई छलांग।**

फडणवीस ने कहा कि रिन्यूएबल इनर्जी यानी अक्षय ऊर्जा न केवल एक सशक्त विकल्प है, बल्कि हमारे भविष्य की आर्थिक स्थिरता का एक बुनियादी स्तंभ है। इसीलिए केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार भी सूर्य का प्रकाश, पानी, हवा, ज्वार, भूतापीय ऊष्मा और बायोमास से ऊर्जा पैदा की जाने वाली कंपनियों को बढ़ावा दे रही है। फडणवीस ने मीडिया को संबोधित करते कहा कि आने वाला समय सोलर, विंड, हाइड्रो और बायोमास एनर्जी का है और 2030 तक महाराष्ट्र की 50 फीसदी ऊर्जा उत्पादन इन्ही गैरपरंपरागत स्रोत से पैदा होने लगेगी। इससे राज्य में बड़ी संख्या में नौकरी और रोजगार पैदा होंगे। हमारी बिजली की मांग जिस तरह से बढ़ रही है उसे पूरा करना एक चुनौती है लेकिन हम इसमें सफल होंगे। उन्होंने आगे कहा कि राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में पावर सेक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### मुजीबनगर में स्थित 1971 शहीद मेमोरियल स्थल पर हमला

# बांग्लादेशी प्रदर्शनकारियों को आजादी की कद्र नहीं! पाकिस्तान के सरेंडर से जुड़ी मूर्तियां तोड़ी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

बांग्लादेश में सियासी उथल-पुथल और तख्तापटल के बाद भी देश में हिंसक प्रदर्शन शांत नहीं हुआ है। देश के अलग-अलग इलाकों से हिंसा की तरह-तरह की तस्वीरें सामने आ रही हैं। प्रदर्शनकारी राष्ट्रीय स्मारकों को निशाना बना रहे हैं। मुजीबनगर में स्थित 1971 शहीद मेमोरियल स्थल पर मौजूद मूर्तियों को तोड़ दिया है।

## उपद्रवियों द्वारा नष्ट किए जाने की ऐसी तस्वीरें देखना दुखद

शशि थरूर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'साल 1971 में मुजीबनगर में शहीद स्मारक परिसर में स्थित मूर्तियों को भारत विरोधी उपद्रवियों द्वारा नष्ट किए जाने की ऐसी तस्वीरें देखना दुखद है। यह घटना कई जगहों पर भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, मंदिरों और हिंदू घरों पर हुए अपमानजनक हमलों के बाद हुई है, जबकि ऐसी खबरें भी आई हैं कि मुस्लिम नागरिक अन्य अल्पसंख्यक घरों और पूजा स्थलों की रक्षा कर रहे हैं।



## 'ऐसी अराजकता को कभी भी माफ नहीं किया जा सकता'

कुछ आंदोलनकारियों का एजेंडा बिल्कुल साफ है। यह जरूरी है कि मोहम्मद यूनुस और उनकी अंतरिम सरकार सभी बांग्लादेशियों और हर धर्म के लोगों के हित में कानून और व्यवस्था बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाए। भारत इस उथल-पुथल भरे वक्त में बांग्लादेश के लोगों के साथ खड़ा है, लेकिन इस तरह की अराजकता को कभी भी माफ नहीं किया जा सकता।



## बांग्लादेश में निशाने पर हिंदू, साहित्यकारों और लेखकों का फूटा गुस्सा, भारत को पत्र लिखा

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन के बाद भी हिंदुओं पर हमले नहीं रुक रहे हैं. हर दिन किसी न किसी इलाके में हिंदुओं के साथ हिंसा हो रही है। देश विदेश में इसकी निंदा भी हुई है, लेकिन हमले बदस्तूर जारी है। इस कड़ी में अब साहित्यारों और लेखों ने हिंदुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ आवाज बुलंद किया है। दर्जनों साहित्यकारों और लेखकों हिंसा के खिलाफ पत्र लिखा है। लेखकों ने कहा है चिट्ठी लिखने का मकसद है हिन्दुओं पर हो रहे हमले पर दुनिया का ध्यान आकृष्ट करना है। इसके अलावा लेखकों ने भारतीय संसद को भी पत्र लिखा है और इसपर संज्ञान लेने की अपील की है। बता दें, बांग्लादेश में हिंसा का दौर पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। कई इलाकों पर प्रदर्शनकारी अब हिन्दुओं को निशाना बना रहे हैं। कई जगहों पर मंदिरों को तोड़फोड़ की रिपोर्ट है। सोशल मीडिया पर तोड़फोड़ के वीडियो भी वायरल हुए है। हालांकि, अंतरिम सरकार के गठन के बाद मोहम्मद यूनुस ने लोगों से शांत रहने की अपील की है, साथ ही हिंदुओं पर हो रहे हमले की कड़ी निंदा की है।

## ढाका में हिंदुओं का प्रदर्शन

*इधर, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में हिंदू सड़कों पर उतरने लगे हैं। इसी कड़ी में राजधानी ढाका से लेकर फरीदपुर तक सभी शहरों में हिंदू समुदाय कट्टरपंथियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। हिंदू समुदाय के लोग राजधानी ढाका के शहीद मीनार पर प्रदर्शन किया. बता दें, इसी जगह से छात्र संगठनों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग शुरू की थी। अब वही जगह से हिंदू समुदाय के लोगों ने अपने खिलाफ हो रहे हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया।*

***अमेरिका के ह्यूस्टन में एकत्र हुए सैकड़ों लोग:** बांग्लादेश में इस्लामी चरमपंथियों की ओर से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाए जाने के खिलाफ 300 से अधिक भारतीय-अमेरिकी और बांग्लादेशी मूल के हिंदू लोगों ने ह्यूस्टन के शुगर लैंड सिटी हॉल में एकत्र हुए।*

## चौतरफा घिरी तो एक्शन में आई यूनुस सरकार, हिंदू छात्रों के साथ बुलाई बैठक, हमले रोकने पर होगी चर्चा

बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा और मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं पर अंतरिम सरकार के मुखिया प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने गहरी चिंता जाहिर की है। मुहम्मद यूनुस ने धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों के बारे में बात करने के लिए सोमवार को हिंदू छात्रों और युवाओं के साथ बातचीत करने का फैसला लिया है। इस बैठक में सरकार हिंदू समुदाय की सुरक्षा के मुद्दे पर चिंताओं को सुनेगी। देश की अंतरिम सरकार ने कहा कि वह हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाएगी। अंतरिम सरकार की कैबिनेट ने अपने बयान में कहा है कि मोहम्मद यूनुस की यह बैठक हिंदू समुदाय की रक्षा और बांग्लादेश में मौजूदा संकट को हल करने पर केंद्रित होगी।

### अल्पसंख्यक संरक्षण कानून लागू होगा

बयान में कहा गया है कि सरकार ने धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों को गंभीर चिंता का सबब माना है। इसे रोकने के लिए सभी प्रतिनिधि निकायों और संबंधित समूहों के साथ बातचीत की जाएगी। बताया जा रहा है कि हिंदू छात्रों ने यूनुस के साथ अपनी बैठक के लिए आठ सूत्री मांग पत्र तैयार किया है। मांगों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने, हिंसा पीड़ितों को मुआवजा देना और अल्पसंख्यक संरक्षण कानून लागू करना शामिल है।

## बांग्लादेश में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है हिंदू

बांग्लादेश में हिंदू सबसे बड़ा धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय है, देश में हिन्दुओं की आबादी करीब 10 फीसदी है। बीते हफ्ते शेख हसीना के अचानक इस्तीफे और देश छोड़ने के बाद हिंदू समुदाय भीड़ के निशाने पर रहा है। कई शहर से हिन्दुओं के घरों, मंदिरों और दुकानों पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद ने देश के 52 जिलों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ 205 हिंसक घटनाएं होने का दावा किया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों ने हमलों के खिलाफ रविवार को एक बड़ी रैली भी निकाली गई।

## सख्त हुआ बांग्लादेश का सुप्रीम कोर्ट




बांग्लादेश के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश सैयद रिफात अहमद ने सोमवार को चेतावनी दी कि न्यायपालिका के किसी भी व्यक्ति के किसी भी गलत काम में शामिल पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। अहमद अपीलीय प्रभाग में अटॉर्नी जनरल के कार्यालय और सुप्रीम कोर्ट बार की ओर से आयोजित एक स्वागत समारोह में बोल रहे रहे थे।

**आंदोलनकारी छात्रों को दी बधाई:** शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश ने छात्र आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों को याद किया। हिंसक प्रदर्शनों के बाद पिछले हफ्ते शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी। उन्होंने कहा, मैं छात्रों और पूरे देश के लोगों को बधाई देता हूं। मैं उन लोगों को भी बधाई देता हूं, जिन्होंने इस आंदोलन का समर्थन किया।

**अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी:** उन्होंने कहा, छात्रों ने असमानता के खिलाफ एक महान चेतना को जागृत किया है। छात्रों और जनता की क्रांति के कारण मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे मैं निभाऊंगा। इस समय हम खंडहर पर खड़े हैं। हमें नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। जानकारी के मुताबिक,मुख्य न्यायाधीश ने चेतावनी दी कि न्यायपालिका में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अहमद ने कहा, अगर न्यायपालिका से कोई भी व्यक्ति किसी भी गलत काम में शामिल पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। न्याय के बजाय इतने लंबे समय तक प्रचलित उत्पीड़न की नीति अब खत्म हो गई है।

## तस्करों ने बीएसएफ के जवानों पर हमला किया, 1 उपद्रवी ढेर



पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर धारदार हथियारों से लैस कुछ लोगों के एक समूह ने बीएसएफ जवानों पर हमला बोल दिया। हमले के बाद सीमा सुरक्षा बल ने जवाबी आत्मरक्षा फायरिंग की इस दौरान एक बांग्लादेशी तस्कर को मार गिराया गया। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) ने बताया कि घटना 11-12 अगस्त की रात को हुई, जब तस्करों के एक समूह ने बल के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के अंतर्गत 115वीं बटालियन की चांदनीचक सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ के जवानों पर हमला किया।

### ईरान-इजराइल तनाव

# अमेरिका ने मिडिल ईस्ट भेजी परमाणु पनडुब्बी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



हमास के पालिटिकल चीफ की हत्या के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव के हालात हैं। कहा जा रहा है जल्द ही ईरान इजराइल पर हमला करने वाला है। इसी आशंका के मद्देनजर अमेरिका ने अपने दोस्त इजराइल की मदद के लिए यूएसएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और गाइडेड मिसाइल न्यूक्लियर सबमरीन यूएसएस जार्जिया को भूमध्यसागर की ओर रवाना कर दिया है। अमेरिकी डिफेंस सेक्रेटरी जनरल लॉयड ऑस्टिन ने एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन, तीसरे कैरियर स्ट्राइक ग्रुप गुआम से भूमध्यसागर की ओर तेजी से रवान होने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने ओहायो क्लास गाइडेड मिसाइल सबमरीन यूएसएस जॉर्जिया को भूमध्यसागर की ओर भेजा है। इस सबमरीन में 150 से ज्यादा टोमाहॉक लैंड अटैक क्रूज मिसाइल लगी हुई है। अब ये सब अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अंदर काम करेंगी।

इस पूरे तामझाम का मकसद सिर्फ इतना है कि अमेरिका किसी भी तरह से ईरान, इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब, लेबनान, यमन और ईरान के अन्य समर्थक देशों की तरफ से दागी गई मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर सकें।

## एक साथ हमला करने की तैयारी में ईरान और हमास

इजराइल पर हमला केवल ईरान ही नहीं करने वाला है। उसे बाकी अन्य का भी साथ मिलने वाला है। इसमें हिजबुल्लाह, हमास और यमन के हूती विद्रोही शामिल हैं। यही वजह है कि अमेरिका उस इलाके में अपनी ताकत का तेजी के साथ में विस्तार कर रहा है। ऑस्टिन ने इजराइल के रक्षा मंत्री से बात भी की है। अमेरिका की तरफ से कहा गया कि वह इजराइल को बचाने के लिए काफी अहम कदम उठाने से भी परहेज नहीं करेगा। इतना ही नहीं वह अशांति भी नहीं फैलने देगा। पेंटागन के एक अधिकारी ने बताया कि यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले एशिया पैसिफिक में तैनात था।

# विवाह समारोहों को लेकर समिति का बड़ा फैसला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में आयोजित होने वाले विवाह समारोह में अब रात 12 बजे के बाद किसी को खाना नहीं परोसा जाएगा। विवाह समारोह संयुक्त संघर्ष समिति ने सोमवार को बैठक कर यह निर्णय लिया है। विवाह समारोह सयुंक्त संघर्ष समिति के संयोजक नवीन पांडे के नेतृत्व में टेंट एसोसिएशन, बैंक्वेट एसोसिएशन व कैटर्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कारोबारियों ने कहा कि विवाह समारोह में हलवाई, वेटर व अन्य कर्मचारी सुबह छह बजे से कार्य करने में जुट जाते हैं, जो रात तक लगे रहते हैं। 12 बजे के बाद कर्मचारी भी काम करने में आनाकानी करते हैं। यही नहीं, हम लोगों को भी अगले दिन के शादी समारोह में उन्हीं कर्मियों से कार्य करवाना होता है, जिससे काम करने का पूरा सिस्टम खराब हो जाता है।

**कार्य चेक होने के बाद रात में ही करना होगा पूरा पेमेंट**

इसके साथ ही पेमेंट के संदर्भ में भी कारोबारियों ने निर्णय लिया कि रात में कार्य चेक होने के बाद आयोजनकर्ता को पूरा पेमेंट रात्रि में ही करना होगा, क्योंकि कभी-कभी आयोजनकर्ता टेंट, कैटर्स व बैंक्वेट हाल वालों को बाद में रुपयों का भुगतान करते हैं। या फिर किसी भी काम को लेकर पेमेंट काटने की बात करते हैं। इससे कारोबारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इन सभी विवादों से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

# उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, पहाड़ पर भूस्खलन बढ़ा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में पिछले कई दिनों से पहाड़ी व मैदानी इलाकों में हो रही बारिश से लोगों का हाल बेहाल है। राज्य में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए अपडेट के अनुसार, आज नैनीताल, टिहरी, चंपावत, और बागेश्वर में भारी बारिश के आसार हैं। जौनसार बावर में भूस्खलन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हल्की वर्षा में ही पहाड़ दरक रहे हैं। जिसके चलते पछवादून में एक व जौनसार बावर में 25 मार्गों पर आवागमन बाधित हो गया। तीन स्टेट हाईवे, एक प्रमुख जिला मार्ग समेत कुल 26 मार्गों के बंद होने से करीब 125 गांवों, खेड़ों मजरों में रहने वाले ग्रामीणों की दिनचर्या बुरी तरह



से प्रभावित हो गई है। मार्गों के बंद होने से किसान अपनी नकदी फसल टमाटर, मूली, खीरा, बींस, अदरक, शिमला मिर्च, हरी मिर्च आदि कृषि मंडियों में नहीं पहुंचा पाए। मार्ग बंद होने के कारण किसानों को या तो अतिरिक्त दूरी नापकर अन्य रास्तों से मंडियों में जाना पड़ रहा है, जिससे भाड़ा अधिक लगने पर उनका मुनाफा लगातार घट रहा है। कई गांवों के लिए एक मात्र रास्ता बंद होने पर नकदी फसलें खेतों में ही सड़ रही है। बंद मार्गों के कारण चकराता में पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हो गया है। वर्षा होते ही जगह जगह पहाड़ दरकने से मलबा सड़कों पर आकर यातायात बाधित कर रहा है। लोनिवि साहिया का साहिया क्वानू राज्य मार्ग किमी तीन पर तारली खड्ड व किमी 15, 16 के पास बंद हो गया है। लोनिवि चकराता का चकराता लाखामंडल राज्य मार्ग पर यातायात दूसरे दिन बाद भी सुचारू नहीं हो पाया। दारागाड कथियान राज्य मार्ग किमी 24 खादरा के पास बंद है, जिस पर भी यातायात सुचारू नहीं है।

## खुदरा महंगाई में गिरावट की वजह खाद्य महंगाई में गिरावट

# महंगाई दर 5 साल के निचले स्तर पर, आरबीआई के टोलरेंस बैंड के नीचे आई 3.54 प्रतिशत पर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

जुलाई में महंगाई से जनता को बड़ी राहत मिलती दिखाई दे रही है। खुदरा या रिटेल महंगाई दर जुलाई में 5 सालों के निचले स्तर पर आ गई है और 3.54 फीसदी रही है। ये अगस्त 2019 के बाद सबसे निचले स्तर है। अगस्त 2019 में रिटेल महंगाई दर 3.28 फीसदी पर थी। सोमवार को रिटेल महंगाई दर और औद्योगिक उत्पादन का आंकड़ा आ गया है। इसमें जून 2024 में आईआईपी 4.2 फीसदी पर रही है।

- सब्जियों और दालों की महंगाई की दर में आई कमी

खुदरा महंगाई दर में गिरावट की बड़ी वजह खाद्य महंगाई दर में गिरावट है। जुलाई 2024 में खाद्य महंगाई दर घटकर 5.42 फीसदी पर रही है जो जून 2024 में 9.26 फीसदी रही थी। जुलाई 2023 में खाद्य महंगाई दर 7.4 फीसदी पर रही थी। सब्जियों और दालों की महंगाई दर में कमी के चलते खाद्य महंगाई घटी है।

**खास बातें**

- सब्जियों की महंगाई दर घटकर 6 .83 फीसदी पर
- अगस्त 2019 में खुदरा महंगाई दर 3 .28 फीसदी रही



## सब्जियों और दालों की महंगाई से राहत!

सांख्यिकी मंत्रालय ने खुदरा महंगाई दर का जो आंकड़ा जारी किया है उसके मुताबिक जुलाई 2024 में जून महीने के मुकाबले सब्जियों और दालों की महंगाई में भारी कमी आई है। जुलाई में सब्जियों की महंगाई दर घटकर 6.83 फीसदी रही है जो जून में 29.32 फीसदी रही थी। दालों की महंगाई दर जुलाई में 14.77 फीसदी रही है जो जून में 14.77 फीसदी रही थी।

## दूध व उससे जुड़े पदार्थ की महंगाई 2.99 फीसदी

अनाज और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 8.14 फीसदी रही है जो जून में 8.75 फीसदी रही थी। चीनी की महंगाई दर 5.22 फीसदी रही है जो जून में 5.83 फीसदी रही थी। अंडों की महंगाई दर बढ़ी है और ये 6.76 फीसदी रही है जो इसके पहले महीने में 3.99 फीसदी रही थी। दूध और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 2.99 फीसदी रही है।

## महंगी ईएमआई से मिलेगी राहत!

खुदरा महंगाई दर घटकर आरबीआई के टोलरेंस बैंड 4 फीसदी के नीचे जा पहुंची है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पॉलिसी रेट्स में बदलाव करने के लिए 4 फीसदी पर महंगाई दर के आने का लक्ष्य कय किया हुआ है। जुलाई महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54 फीसदी पर आ गई है जो पिछले 5 सालों में सबसे कम है। ऐसे में ये माना जा रहा है कि अक्टूबर 2024 में जब भारतीय रिजर्व बैंक पॉलिसी रेट्स की समीक्षा करेगा तब महंगाई ईएमआई से राहत मिल सकती है।

## जून में औद्योगिक उत्पादन 4.2 प्रतिशत बढ़ा

देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जून, 2024 में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से पांच माह के निचले स्तर 4.2 प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, बिजली और खनन क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन जारी है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों को मापने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक इस साल जून में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह चार प्रतिशत रहा था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर जगद्गुरू स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज की कड़ी प्रतिक्रिया





**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर अनंत श्री विभूषित द्वारका शारदा एवं ज्योतिष द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने मुंबई में मीडिया से बात करते हुए कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है वो मानव जाति और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। उपासना के स्थल को वहां नुकसान पहुंचाया जा रहा है। माता बहनों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। मैं भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील करूंगा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में और भी कदम उठाए जाएं ताकि बांग्लादेश में धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाया जाए, उनके उपासना के स्थलों की सुरक्षा की जाए, जो हिन्दू भाई हिन्दुस्तान आना चाहते है उन्हें यहां लाया जाए, वहां महिलाओं के सम्मान की सुरक्षा की जाए। जगद्गुरू स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने यह भी कहा कि भारतवर्ष में जो अवैध रूप से घुसपैठिए रह रहे हैं, उन्हें देश से बाहर निकाला जाए। भारत सरकार में वह शक्ति है कि वो कश्मीर, पाकिस्तान, बांग्लादेश



भी लेगी। उन्होंने आगे कहा कि धर्म के अधीन राजनीति होनी चाहिए। राजनीति धर्म से दिशा प्राप्त करे तो राष्ट्र और विश्व में शांति फैल जाए। हमारे यहां तो जन्म से लेकर मृत्यु तक धर्म से संबंधित होता है। भारत की यही महत्ता है कि यहां धर्म की धड़कन धड़कती है। जगद्गुरू स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज का यहां भव्य स्वागत किया गया एवं भक्तों ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। पुष्प वर्षा करके और मालार्पण करके गुरुदेव का स्वागत किया। यहां लोगों ने भजनों का भी आनंद लिया। शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती के इस कार्यक्रम में पहुंचकर भाजपा नेता पंकजा मुंडे ने भी उनसे आशीर्वाद लिया। जगद्गुरु स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती जी महाराज ने बताया कि पंकजा मुंडे के पिता श्री गोपीनाथ मुंडे से उनका काफी करीबी और भावनात्मक संबंध रहा है। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज सेवा और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी ने यह भी बताया कि श्री यंत्र की पूजा कैसे करते हैं? उन्होंने सनातन धर्म की महत्ता और उसकी खूबियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हम भारत के हैं और एक चींटी भी मारी जाती है तो हमें दर्द होता है ऐसे में किसी इंसान की हत्या से कितना दर्द होगा, आप अनुमान लगा लें। भारत ने सदैव उदारता दिखाई है, कभी किसी देश पर हमला नहीं किया बल्कि सभी को शांति का संदेश दिया है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 'तेरी बातों में उलझा जिया' के सीक्वल पर कृति ने साझा किया अपडेट

**अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इससे पहले उन्होंने इस साल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में अभिनय किया था, जिसमें उन्होंने एक रोबोट का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके साथ शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में एक इंसान और रोबोट के बीच की प्रेम कहानी दिखाई गई थी। हालांकि, फिल्म का अंत एक ऐसे मोड़ पर हुआ, जहां इसके दूसरे भाग की संभावना बनी रही। वहीं, अब ऐसा लगता है कि फिल्म का सीक्वल दर्शकों को देखने के लिए मिल सकता है।** दरअसल, कृति ने हाल ही में 'तेरी बातों में उलझा जिया' के सीक्वल पर अपडेट साझा करते हुए बताया है कि वे और शाहिद दोनों इसके लिए उत्साहित हैं। हाल ही में कृति सेनन ने 'तेरी बातों में उलझा जिया' के बाद शाहिद कपूर के साथ फिर से काम करने को लेकर बात की। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि 'तेरी बातों में उलझा जिया' के सीक्वल की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। फिल्म का सीक्वल अभी लिखा जा रहा है। वे और शाहिद इसके जल्द ही बनने वाले सीक्वल के लिए काफी उत्साहित हैं। इसके साथ ही कृति सेनन ने 'तेरी बातों में उलझा जिया' में शाहिद कपूर के साथ काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि शायद के साथ काम करना उनके लिए खुशी की बात थी और अब उनका मानना है कि उन दोनों के बीच की केमिस्ट्री बेहतरीन थी। कृति का कहना है कि शाहिद उन अभिनेताओं में से एक हैं, जिनके साथ उनकी जोड़ी और केमिस्ट्री अच्छी लगती है। ऐसा नहीं लगता कि उनकी जोड़ी को जबरदस्ती बनाया गया है।



# अभी भी शादीशुदा हूं : अभिषेक

**अभिषेक बच्चन** और ऐश्वर्या राय बच्चन का रिश्ता चर्चा का विषय बना हुआ है। कपल को लेकर कई तरह की अफवाहें उड़ रही हैं। कहा जा रहा है कि ऐश्वर्या, बच्चन परिवार से अलग रह रही हैं। हालांकि इसमें कितनी सच्चाई है। इस पर खुद अभिषेक बच्चन ने बात की। हाल ही में सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें वो ऐश्वर्या राय से तलाक लेने के बारे में बात कर रहे थे। लेकिन अब अभिषेक बच्चन ने बताया कि वो वीडियो डीपफेक था और वो अभी भी शादीशुदा हैं। अभिषेक बच्चन के डीपफेक वीडियो में उन्हें कहते हुए सुना जा रहा था कि उन्होंने और ऐश्वर्या राय ने तलाक लेने का फैसला किया है। इसके साथ ही इसमें उनकी बेटी आराध्या को लेकर भी बात की जा रही थी। लेकिन अब इस पर अभिषेक बच्चन का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की और बताया कि ये सब अफवाहें हैं और वो ऐश्वर्या के साथ अभी भी शादी के बंधन में बंधे हुए हैं। अभिषेक बच्चन ने कहा, "अभी भी शादीशुदा हूं। मेरे पास आप सभी से कहने के लिए कुछ नहीं है। दुख की बात है कि पूरी बात को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। ये ठीक है, हम सेलिब्रिटी हैं, हमें इसे एक्सेप्ट करना होगा।" वायरल हुआ वीडियो AI के जरिए बनाया गया था। इस बीच अभिषेक बच्चन पेरिस ओलंपिक 2024 में भी पहुंचे। वहां से भी उनका एक वीडियो सामने आया था, जब उन्होंने स्टेडियम में नीरज चोपड़ा को गले लगाया था। उनका ये वीडियो देखकर लोगों ने उनकी खूब तारीफ की थी।





# किंग खान का युवाओं को खास संदेश

**किंग खान** के नाम से मशहूर अभिनेता शाहरुख खान अपनी फिल्मों से दर्शकों के बीच खूब धमाल मचाते हैं। अभिनेता हाल ही में 'लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल' में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। यह दिन तब और भी ज्यादा खास बन गया, जब उन्होंने समारोह के आर्टिस्टिक डायरेक्टर जियोना ए नाजारो से बात करते हुए दिग्गज अभिनेता ने आज के युवाओं को खास संदेश भी दिया था। पिछले साल लगातार तीन फिल्मों 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' के साथ पांच साल के अंतराल के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने वाले अभिनेता ने कहा, 'संतुष्टि को बहुत ज्यादा महत्व दिया जाता है। आपको हमेशा खुद से सवाल करते रहना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि आप चिंतित हो जाएं, लेकिन एक क्रिएटिव व्यक्ति के तौर पर आपको हमेशा असंतुष्ट रहना चाहिए, इसलिए मैं कभी संतुष्ट नहीं होता। मुझे नहीं लगता कि मैंने कुछ हासिल किया है। मुझे नहीं लगता कि यह सब खत्म हो चुका है और मैं सफल हूं। मुझे लगता है कि यह सब चलता रहता है। मैं सोचता हूं कि मैं कल कुछ नया कर सकता हूं? शाहरुख ने आगे कहा, 'मैंने जो कल किया, वह खत्म हो चुका है।